रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०९/२०२५-7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 09/08/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** **निम्नलिखित में से कौन-सी, कीट-परागित पुष्पों की अभिलाक्षणिक विशेषता नहीं है?**

Ans A). कीटों को आकर्षित करने वाली चमकीले रंग की पंखुड़ियाँ B). बहुत बड़ी संख्या में हल्के और छोटे पराग कणों का उत्पादन C). कीटों से पराग प्राप्त करने के लिए अनुकूलित चिपचिपा वर्तिकाग्र D). परागकों को आकर्षित करने के लिए मकरंद और सुगंध का उत्पादन

Correct Answer: B

**Q.2** **कौन-सा कथन जंतु ऊतकों की तुलना में पादप ऊतकों की ऊर्जा आवश्यकता का सही रूप से वर्णन करता है?**

Ans A). ऊर्जा के लिए पादप श्वसन नहीं करते हैं B). पादपों को सामान्यत: जंतुओं की तुलना में कम ऊर्जा की आवश्यकता होती है C). पादपों को जंतुओं की तुलना में अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है D). पादप ऊतकों को ऊर्जा की बिल्कुल आवश्यकता नहीं होती है

Correct Answer: B

**Q.3** **एक गेंद को किसी मेज के किनारे पर और फिर केंद्र में रखा जाता है। मेज की ऊंचाई अपरिवर्तित रहती है। दोनों स्थितियों में गेंद की गुरुत्वीय स्थितिज ऊर्जा में क्या अंतर होगा?**

Ans A). गेंद की गति के साथ उसकी स्थितिज ऊर्जा में लगातार परिवर्तन होता रहता है B). स्थितिज ऊर्जा दोनों स्थितियों में समान होती है C). केंद्र की तुलना में किनारे पर स्थितिज ऊर्जा उच्चतर होती है D). केंद्र की तुलना में किनारे पर स्थितिज ऊर्जा निम्नतर होती है

Correct Answer: B

**Q.4** **Why are saturated hydrocarbons less reactive than unsaturated hydrocarbons?**

Ans A). They contain oxygen. B). They are aromatic. C). They have double bonds. D). Their single bonds are strong.

Correct Answer: D

**Q.5** **Two uniform wires made of the same material, having the same length, and maintained at the same temperature are compared. Which factor will cause one wire to have greater electrical resistance than the other?**

Ans A). Higher cross-sectional area B). Larger electric current C). Smaller cross-sectional area D). Higher voltage

Correct Answer: C

**Q.6** **दिया गया है:**
**- P, Q को उसके लवण विलयन से विस्थापित करता है,**
**- R, S को उसके लवण विलयन से विस्थापित करता है,**
**- Q, R को उसके लवण विलयन से विस्थापित करता है,**
**- S किसी अन्य धातु को प्रतिस्थापित नहीं कर सकता है;**
**इनमें से कौन-सी धातु सबसे अधिक अभिक्रियाशील है?**

Ans A). P B). R C). S D). Q

Correct Answer: A

**Q.7** **यदि बोहर के मॉडल के अनुसार किसी परमाणु की परमाणु संख्या 15 और द्रव्यमान संख्या 31 है, तो उसमें उपस्थित न्यूट्रॉनों की संख्या कितनी है?**

Ans A). न्यूट्रॉनों की संख्या 31 है B). न्यूट्रॉनों की संख्या 15 है C). न्यूट्रॉनों की संख्या 30 है D). न्यूट्रॉनों की संख्या 16 है

Correct Answer: D

**Q.8 किस प्रकार के प्रदूषक मुख्य रूप से जैविक आवर्धन के लिए उत्तरदायी होते हैं?**

Ans A). अपघटनशील प्रदूषक (Decomposable pollutants) B). तापीय प्रदूषक (Thermal pollutants) C). रव प्रदूषक (Noise pollutants) D). अजैवनिम्नीकरणीय प्रदूषक (Non-biodegradable pollutants)

Correct Answer: D

**Q.9 जब एक गतिमान कार रुक जाती है, तो उसकी गतिज ऊर्जा का क्या होता है?**

Ans A). यह दोगुनी हो जाती है B). यह शून्य हो जाती है C). यह समान रहती है D). यह ऋणात्मक हो जाती है

Correct Answer: B

**Q.10 निम्नलिखित में से कौन-सा, एकसमान चाल से गतिमान किसी वस्तु के लिए दूरी-समय ग्राफ की आकृति का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

Ans A). परिवर्ती ढाल वाली एक सीधी रेखा B). एक क्षैतिज सीधी रेखा C). नियत ढाल वाली एक सीधी रेखा D). ऊपर की ओर एक वक्रित रेखा

Correct Answer: C

**Q.11 एक पर्यावरण वैज्ञानिक अवलोकन करता है कि वैश्विक पवनें (global winds) भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर चलती हैं। कौन-सी प्रक्रिया इस पैटर्न की सर्वोत्तम व्याख्या करती है?**

Ans A). पृथ्वी का घूर्णन भूमध्य रेखा पर पवन की दिशा को उलट देता है B). महासागरीय धाराएँ वायुसंहति की तुलना में तेज़ी से ऊष्मा स्थानांतरित करती हैं C). असमान तापन के कारण अक्षांशों के बीच ताप में अंतर उत्पन्न होता है D). वर्षा का स्तर पवन की दिशा निर्धारित करता है

Correct Answer: C

**Q.12 संगम तिनई वर्गीकरण और पवित्र उपवनों ने जैव-विविधता के संरक्षण में किस प्रकार सहायता की?**

Ans A). उन्होंने कृषि उत्पादन में वृद्धि की B). उन्होंने विदेशी प्रजातियों को पेश किया C). उन्होंने स्थानीय रूप से विविध आवासों को संरक्षित किया D). उन्होंने सभी भारतीय प्रजातियों को वर्गीकृत किया

Correct Answer: C

**Q.13 निम्नलिखित में से कौन-सा, खाद्य श्रृंखला को सटीक रूप से दर्शाता है?**

Ans A). घास → हिरण → बाघ B). बाघ → घास → हिरण C). घास → बाघ → हिरण D). हिरण → घास → बाघ

Correct Answer: A

**Q.14 जब एथेनॉल को 170°C पर अत्यधिक सांद्र सल्फ्यूरिक अम्ल के साथ गर्म किया जाता है, तो क्या होता है?**

Ans A). निर्जलन के फलस्वरूप एथीन बनता है B). कार्बन डाइऑक्साइड मुक्त होती है C). गैस के रूप में मेथेन बनता है D). एथेनॉइक अम्ल बनता है

Correct Answer: A

**Q.15 Which statement is correct regarding physical and chemical changes?**

Ans A). Physical changes form new substances B). All physical changes are irreversible C). All changes in solutions are chemical D). Chemical changes alter composition

Correct Answer: D

**Q.16 अभिकथन (A) और कारण (R) नामक दिए गए कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**(A): जब अम्ल, धातु कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया करते हैं, तो कार्बन डाइऑक्साइड गैस बनती है।**
**(R): धातु कार्बोनेट क्षारीय प्रकृति के होते हैं और अम्लों को उदासीन करके लवण, जल और $CO_2$ बनाते हैं।**

Ans A). A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या है। B). A सत्य है, लेकिन R असत्य है। C). A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है। D). A असत्य है, लेकिन R सत्य है।

Correct Answer: A

**Q.17 कौन-सी संरचना वृक्कों को मूत्राशय से जोड़ती है?**

Ans A). मूत्रवाहिनी (Ureter) B). मूत्रमार्ग (Urethra) C). श्रोणि (Pelvis) D). आशय (Bladder)

Correct Answer: A

**Q.18 एक कार विरामावस्था से चलना प्रारंभ करती है और 5 सेकंड के लिए 2 $m/s^2$ के एकसमान त्वरण से त्वरित होती है। इस समयांतराल में कार द्वारा तय की गई दूरी कितनी है?**

Ans A). 50 मीटर B). 25 मीटर C). 10 मीटर D). 20 मीटर

Correct Answer: B

**Q.19 यदि एक विद्यार्थी, ऐलुमिनियम सल्फेट का रासायनिक सूत्र लिखना चाहता है, जिसमें दो ऐलुमिनियम परमाणु, तीन सल्फर परमाणु और बारह ऑक्सीजन परमाणु हैं, तो सही सूत्र क्या है?**

Ans A). $Al_2SO_4$ B). $Al_2(SO_4)_3$ C). $Al_3(SO_4)_2$ D). $Al(SO_4)_3$

Correct Answer: B

**Q.20 यदि किसी बल्ब का फिलामेंट 10 मिनट तक 0.5 A की धारा कर्षित करता है, तो परिपथ से प्रवाहित कुल आवेश कितना है?**

Ans A). 0.05 कूलॉम B). 300 कूलॉम C). 30 कूलॉम D). 60 कूलॉम

Correct Answer: B

**Q.21** गोलीय दर्पण के लिए नई कार्तीय चिह्न परिपाटी के अनुसार, यदि वस्तु दर्पण के सामने स्थित हो, तो वस्तु दूरी के लिए कौन-सा चिह्न निर्धारित किया जाता है?

**Ans** A). ऋणात्मक चिह्न निर्धारित किया जाता है B). धनात्मक चिह्न निर्धारित किया जाता है C). परिवर्ती चिह्न निर्धारित किया जाता है D). कोई चिह्न निर्धारित नहीं किया जाता है

**Correct Answer: A**

**Q.22** What happens when blood passes through the alveolar capillaries in the lungs?

**Ans** A). Both gases remain unchanged in the circulating blood B). Carbon dioxide enters blood and oxygen moves into alveoli C). Oxygen enters blood and carbon dioxide moves into alveoli D). Oxygen and carbon dioxide both enter the bloodstream from alveoli

**Correct Answer: C**

**Q.23** अपवर्तित किरण प्रिज्म के अंदर ________ मुड़ जाती है।

**Ans** A). आधार के लंबवत B). प्रिज्म के आधार की ओर C). आधार से दूर D). आधार के अनुदिश

**Correct Answer: B**

**Q.24** सक्रियता श्रेणी में नीचे रखी गई धातुएं, जैसे कॉपर और मर्करी, किस प्रकार निष्कर्षित की जाती हैं?

**Ans** A). अधिक अभिक्रियाशील धातुओं का उपयोग करके विस्थापन B). उच्च तापमान पर कार्बन के साथ अपचयन C). उनके पिघले हुए अयस्कों के विद्युत-अपघटन D). सल्फाइड अयस्कों को ऑक्साइडों में बदलने के लिए वायु में भर्जन, उसके बाद गर्म करके

**Correct Answer: D**

**Q.25** स्पष्ट दृष्टि के लिए प्रकाश को एक विशिष्ट बिंदु पर फोकस करने के लिए कौन-सा अनुप्रयोग अपवर्तन का उपयोग करता है?

**Ans** A). सूर्य के प्रकाश को विभक्त करने वाला कांच का प्रिज्म B). प्रतिबिंबों को परावर्तित करने वाला समतल दर्पण C). किसी वस्तु के पीछे बनी छाया D). अपनी आकृति को समायोजित करने वाला मानव नेत्र लेंस

**Correct Answer: D**

**Q.26** पाइप A किसी टंकी को 3 घंटे में भर सकता है और पाइप B उसी टंकी को 12 घंटे में भर सकता है तथा पाइप C उसी टंकी को 12 घंटे में भर सकता है। यदि सभी पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए तो उसी टंकी का आधा हिस्सा भरने में उन्हें कितना समय (घंटों में) लगेगा?

**Ans** A). 4 B). 3 C). 1 D). 2

**Correct Answer: C**

**Q.27** किसी संवृत बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 440 $cm^2$ है और इसका संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 748 $cm^2$ है। बेलन की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

**Ans** A). 8 cm B). 5 cm C). 12 cm D). 10 cm

**Correct Answer: D**

**Q.28** प्रवीण के पास ₹1,701 हैं, जिन्हें वह अपने दो पुत्रों, ऋषि और शान के बीच बाँट देता है। वह उनसे अपने संबंधित हिस्सों को वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर निवेश करने के लिए कहता है। यह देखा गया है कि 18 वर्षों के बाद ऋषि का निवेश, 19 वर्षों के बाद शान के निवेश के बराबर है। प्रवीण द्वारा ऋषि को दी गई धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 910 B). 891 C). 810 D). 741

**Correct Answer: B**

**Q.29** If $\cot^2(2\eta) = 3$, $2\eta$ is an acute angle, then what is the value of $5\eta$?

**Ans** A). $30^\circ$ B). $75^\circ$ C). $50^\circ$ D). $15^\circ$

**Correct Answer: B**

**Q.30** किसी धनराशि पर 8% वार्षिक दर से 2 वर्षों में अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज ₹166.40 है जहां ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 1,100 B). 1,000 C). 1,200 D). 1,500


**Correct Answer: B**

**Q.31** ईंधन की कीमत क्रमागत तीन महीनों में क्रमिक रूप से 10%, 20% और 15% घटती है। चौथे महीने में कीमत 40% बढ़ जाती है। चौथे महीने के अंत में ईंधन की कीमत में मूल कीमत की तुलना में कुल प्रतिशत कमी ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 14.32% B). 15.33% C). 13.42% D). 12.65%

**Correct Answer: A**

Q.32 एक परिवार का मासिक बजट ₹48,000 है, जिसे भोजन, किराया, शिक्षा, बचत और अन्य खर्चों में विभाजित किया गया है। यदि वे अगले महीने कुल बजट में कोई परिवर्तन किए बिना अपनी बचत को 20% बढ़ाना चाहते हैं, तो वर्तमान महीने की तुलना में अगले महीने उन्हें कितनी अतिरिक्त बचत की आवश्यकता होगी?




Ans A). ₹2,400 B). ₹2,800 C). ₹3,000 D). ₹2,000

Correct Answer: A

Q.33 A tree standing on level ground is broken by a storm. The broken part bends and touches the ground, making an angle of 30° with the ground. The distance between the foot of the tree and the point where the top of the tree touches the ground is 12 m. Find the original height of the tree.

Ans A). 18√2 m B). 18√3 m C). 12√2 m D). 12√3 m

Correct Answer: D

Q.34 चार दुकानों I, II, III और IV पर एक कुकर का अंकित मूल्य समान है। दुकान I द्वारा उस पर 19% और 59% की दो क्रमिक छूट, दुकान II द्वारा 11% और 94% की क्रमिक छूट, दुकान III द्वारा 25% और 70% की क्रमिक छूट तथा दुकान IV द्वारा 96%, 44% और 25% की क्रमिक छूट दी जाती है। कौन-सी दुकान सबसे कम मूल्य पर कुकर बेच रही है?

Ans A). I B). II C). IV D). III

Correct Answer: C

Q.35 क्रमशः 240 m और 280 m लंबी दो ट्रेनें समांतर पटरियों पर एक-दूसरे की ओर गतिमान हैं, एक 70 km/hr की चाल से तथा दूसरी की 74 km/hr की चाल से चल रही है। ज्ञात कीजिए कि एक-दूसरे को पार करने में उन्हें कितना समय (सेकंड में) लगेगा?

Ans A). 13 B). 14 C). 16 D). 12

Correct Answer: A

Q.36 AB is the diameter of a circle with centre O. From a point X on its circumference, a perpendicular XY is dropped on AB such that it intersects AB at Y. If BY = 5 cm and XY = 7 cm, what is the circumference (in cm) of the circle?

Ans A). $\frac{37}{5}\pi$ B). $\frac{67}{7}\pi$ C). $\frac{74}{5}\pi$ D). $\frac{47}{8}\pi$

Correct Answer: C

Q.37 7-अंकों की संख्या 22A675B, 3 से विभाज्य है। (A + B) का न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 7 B). 6 C). 4 D). 2

Correct Answer: D

Q.38 किसी आंकड़ा समुच्चय का माध्य और बहुलक क्रमशः 40.3 और 74.9 हैं। मूलानुपाती सूत्र का उपयोग करके, आंकड़ों की माध्यिका ज्ञात कीजिए। (दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित कीजिए)

Ans A). 52.8 B). 51.2 C). 52.9 D). 51.8

Correct Answer: D

**Q.39** रमन की आय ₹83,000 है। वह अपनी आय का 16% बचत करता है। यदि उसकी आय में 22% की वृद्धि होती है और व्यय में 25% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में ________ होगी।

**Ans** A). ₹827 की वृद्धि B). ₹830 की वृद्धि C). ₹828 की कमी D). ₹833 की कमी

**Correct Answer: B**

**Q.40** 6 cm त्रिज्या और 14 cm ऊंचाई वाला एक शंक्वाकार गिलास पानी से पूरी तरह भरा हुआ है। 3 cm त्रिज्या और 7 cm ऊंचाई वाला एक छोटा शंक्वाकार पत्थर, गिलास में डाला जाता है, जिससे कुछ पानी अधिप्रवाह हो जाता है। गिलास में बचे पानी की मात्रा ज्ञात कीजिए।

$\left(\text{Take } \pi = \frac{22}{7}\right)$

**Ans** A). 0.462 लीटर B). 0.653 लीटर C). 0.708 लीटर D). 0.512 लीटर

**Correct Answer: A**

**Q.41** तीन मित्रों, A, B और C के व्यय का अनुपात 2 : 3 : 5 है। यदि कुल व्यय ₹2,000 है, तो B का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹500 B). ₹700 C). ₹600 D). ₹550

**Correct Answer: C**

**Q.42** यदि a − b = 9 तथा ab = 13 है, तो $a^3 - b^3$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 1,020 B). 1,080 C). 1,040 D). 1,060

**Correct Answer: B**

**Q.43** किसी आँकड़ा समुच्चय के माध्य और माध्यिका का अनुपात 9:8 है। मध्यम विषम बंटनों के लिए मूलानुपाती सूत्र का उपयोग करके माध्यिका और बहुलक का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 3 : 2 B). 4 : 3 C). 2 : 3 D). 1 : 3

**Correct Answer: B**

**Q.44** यदि 12.8, 6.4, x और 1.6 समानुपात में हैं, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 3.2 B). 2.8 C). 2.4 D). 3.6

**Correct Answer: A**

**Q.45** Which of the following statements is always true?

**Ans** A). Two consecutive integers are always coprime. B). Two even numbers are always coprime.
C). Multiples of the same number are always coprime. D). Two prime numbers are never coprime.

**Correct Answer: A**

**Q.46** A, B, C, D और E की औसत आयु 55 वर्ष है। A और B की औसत आयु 45 वर्ष है तथा C और D की औसत आयु 57 वर्ष है। E की आयु ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 66 वर्ष B). 71 वर्ष C). 68 वर्ष D). 76 वर्ष

**Correct Answer: B**

**Q.47** उधार ली गई ₹500 की धनराशि पर 8% वार्षिक ब्याज दर से 3.5 वर्षों के लिए साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 190 B). 140 C). 120 D). 240

**Correct Answer: B**

**Q.48** रमेश दो एकसमान वाशिंग मशीन खरीदता है। वह एक को 20% लाभ पर और दूसरी को 10% हानि पर बेचता है। यदि दोनों मशीनों का कुल विक्रय मूल्य ₹33,600 था, तो प्रत्येक वाशिंग मशीन का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹16,800 B). ₹15,800 C). ₹16,000 D). ₹18,000

**Correct Answer: C**

**Q.49** एक नाव धारा की दिशा में 48 km की दूरी 3 घंटे में तय कर सकती है और धारा की विपरीत दिशा में उतनी ही दूरी 4 घंटे में तय कर सकती है। यदि नाव इन चालों से धारा की दिशा में 15 km जाती है, फिर 30 मिनट तक विरामावस्था में रहती है और फिर धारा की विपरीत दिशा में 15 km वापस आती है, तो इस पूरी यात्रा को पूरा करने में नाव द्वारा लिया गया कुल समय (विरामावस्था समय सहित) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 2 h 11 min 15 s B). 2 h 41 min 15 s C). 3 h 11 min 15 s D). 2 h 56 min 15 s

**Correct Answer: B**

**Q.50** यदि $43^{0.92} = x$, $43^{0.69} = y$ और $x^z = y^6$ दिया गया है, तो z का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 6.5 B). 3.5 C). 5.5 D). 4.5

**Correct Answer: D**

Q.51 सात विद्यार्थी I, J, K, P, Q, R और Z एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। I और R दोनों का निकटतम पड़ोसी Q है। P, Q के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। R, Z के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। J, P का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
K के दाईं ओर दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans A). R B). Q C). J D). I

Correct Answer: B

Q.52 दी गई अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

(बाएं) R T % & V B M > < Y P L + A # ^ & ? A S P I % + E # A @ Q B T G & + % C ? (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दाईं ओर से पांचवें स्थान पर होगा?

Ans A). Q B). B C). Y D). M

Correct Answer: A

Q.53 This question is based on the given words.

(LEFT) KIT ZIP ODD RAM (RIGHT)

How many letters are there between the third letter of the third word from the right and the first letter of the first word from the left as per the English alphabetical order?

Ans A). 5 B). 7 C). 3 D). 4

Correct Answer: D

Q.54 यदि शब्द GAUCHOS के प्रत्येक अक्षर को विपरीत वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans A). एक B). तीन C). एक का भी नहीं D). दो

Correct Answer: C

Q.55 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?
# : HIL :: LMP : %

Ans A). # = ZCF , % = TUX B). # = ZAD , % = TTY C). # = ZAC , % = STW D). # = ZAD , % = TUX

Correct Answer: D

Q.56 अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोटः असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). LV - KU B). QI - OG C). SY - QW D). JG - HE

Correct Answer: A

Q.57 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

35 42 56 77 105 ?

Ans A). 136 B). 138 C). 142 D). 140

Correct Answer: D

Q.58 एक प्रश्न के बाद (I) और (II) क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको तय करना है कि वाक्यों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़कर उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

At, Bn, Cg, Dv और Es एक गोल मेज़ के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Dv के ठीक दाएं पड़ोस में कौन बैठा है?
(I) At, Dv और Es का निकटतम पड़ोसी है। Cg, Bn के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है।
(II) Es, Cg और At का निकटतम पड़ोसी है। Dv, Es के दाएं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है।

Ans A). कथन I का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II का डेटा पर्याप्त नहीं है

B). कथन II का डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I का डेटा पर्याप्त नहीं है

C). कथन I और II दोनों का डेटा, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

D). कथन I और II दोनों (और केवल कथन I या कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

Correct Answer: B

Q.59 Q, R, W, T, E, U और Y में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। E की परीक्षा मंगलवार को है। E और T के बीच ठीक 3 व्यक्तियों की परीक्षा है। W की परीक्षा Y से ठीक पहले है और U की परीक्षा Y के ठीक बाद है। W और Q के बीच केवल 1 व्यक्ति की परीक्षा है। T के ठीक बाद किसकी परीक्षा है?

Ans A). T B). R C). U D). W

Correct Answer: B

**Q.60** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

**Ans** A). HP – NV B). CK – IQ C). FN – KS D). GO – MU

**Correct Answer: C**

**Q.61** संख्या 789245361 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

**Ans** A). एक B). तीन C). दो D). एक की भी नहीं

**Correct Answer: D**

**Q.62** यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
37 - 3 ÷ 5 + 18 × 6 = ?

**Ans** A). 109 B). 104 C). 101 D). 113

**Correct Answer: D**

**Q.63** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।
कथन: सभी कालीन, जूते हैं। सभी पेन, जूते हैं।
निष्कर्ष (I): कुछ कालीन, पेन हैं।
निष्कर्ष (II): कुछ जूते, पेन हैं।

**Ans** A). न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है B). निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं C). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है D). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है

**Correct Answer: C**

**Q.64** यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।

(बाएं) JOG VOW GYM DEW (दाएं)

दाएं से पहले शब्द के दूसरे अक्षर और बाएं से पहले शब्द के दूसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार कितने अक्षर हैं?

**Ans** A). 12 B). 10 C). 8 D). 9

**Correct Answer: D**

**Q.65** अभिषेक बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर दिशा में 13 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है, 6 km ड्राइव करता है, फिर दाएँ मुड़कर 15 km ड्राइव करता है। इसके बाद वह दाएँ मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएँ मुड़ता है, 2 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

**Ans** A). 2 km, पश्चिम की ओर B). 3 km, पश्चिम की ओर C). 2 km, पूर्व की ओर D). 3 km, पूर्व की ओर

**Correct Answer: C**

**Q.66** नीचे दी गई संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) 5 & % 6 9 @ 4 $ 7 & 8 Ω 2 # 1 * £ 5 (दाएं)

यदि सभी प्रतीकों को शृंखला से हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दाएं से सातवाँ होगा?

**Ans** A). 9 B). 6 C). 2 D). 4

**Correct Answer: A**

**Q.67** एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B का पति है', और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।

यदि 'P + Q – R × S ÷ T' है, तो P का T से क्या संबंध है?

**Ans** A). पुत्र B). पुत्री का पुत्र C). पुत्री की पुत्री D). पुत्र का पुत्र

**Correct Answer: B**

**Q.68** एक निश्चित तर्क के अनुसार, 22 का संबंध 474 से है। उसी तर्क के अनुसार, 25 का संबंध 615 से है। उसी तर्क के अनुसार, 29 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 821 B). 851 C). 841 D). 831

**Correct Answer: D**

**Q.69** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से FGHK का संबंध IJKN से है। उसी प्रकार, RSTW का संबंध UVWZ से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, ABCF का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

**Ans** A). DFIE B). DEFI C). FEDI D). FIDE

**Correct Answer: B**

---

**Q.70** D, F, G, H, J, K और L एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। L के दाईं ओर से गिनने पर, L और H के बीच ठीक तीन व्यक्ति बैठे हैं। F, H के बाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। J, G के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। K, H का निकटतम पड़ोसी नहीं है। F के बाईं ओर से गिनने पर, G और F के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans** A). 1 B). 2 C). 3 D). 4

**Correct Answer: B**

---

**Q.71** यदि संख्या 4751236 में, प्रत्येक सम अंक में 3 जोड़ा जाए और प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में पहले अंक और अंतिम अंक का योगफल कितना होगा?

**Ans** A). 16 B). 14 C). 18 D). 12

**Correct Answer: A**

---

**Q.72** सात डिब्बों A, B, C, D, U, V और W को एक के ऊपर एक रखा गया है, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। V के नीचे केवल दो डिब्बों को रखा गया है। C के ऊपर केवल एक डिब्बा रखा गया है। C और B के बीच केवल एक डिब्बा रखा गया है। W को U के ठीक ऊपर रखा गया है। D को A के नीचे किसी एक स्थान पर रखा गया है। A और W के बीच कितने डिब्बों को रखा गया है?

**Ans** A). चार B). तीन C). दो D). एक

**Correct Answer: A**

---

**Q.73** शब्द FUTILE के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस प्रकार बनने वाले सभी अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनने वाले अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर, दाएं से चौथे स्थान पर होगा?

**Ans** A). J B). F C). V D). U

**Correct Answer: A**

---

**Q.74** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से NLIP का संबंध TROV से है। उसी प्रकार, JHEL का संबंध PNKR से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, RPMT का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

**Ans** A). XVSZ B). VXZS C). XVZS D). VXSZ

**Correct Answer: A**

---

**Q.75** किसी निश्चित कूट भाषा में "HSAL" को "35" और "WHKC" को "40" के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में "OJDZ" का कूट क्या होगा?

**Ans** A). 55 B). 50 C). 49 D). 58

**Correct Answer: B**

---

**Q.76** एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है 'A, B की माता है',
A – B का अर्थ है 'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है 'A, B की पत्नी है',
A % B का अर्थ है 'A, B का पिता है' और
A # B का अर्थ है 'A, B की पुत्री है'।

यदि 'Pv + Df # Ly % Gi × Kt' हो, तो Pv का Kt से क्या संबंध है?

**Ans** A). बहन का पति B). पत्नी की माता C). पत्नी की बहन D). पुत्री का पति

**Correct Answer: B**

---

**Q.77** निम्न अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) W Z A F U V L A K I D O T U V Q U S P O P D (दाएँ)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में भी एक व्यंजन है?

**Ans** A). 7 B). 8 C). 10 D). 9

**Correct Answer: B**

---

**Q.78** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

SUQ MOK GIE ACY ?

**Ans** A). UWS B). UVX C). UXR D). UVR

**Correct Answer: A**

**Q.79** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 19 का संबंध 58 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 31 का संबंध 94 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 43 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है? (नोटः संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 130 B). 127 C). 128 D). 129

**Correct Answer: A**

**Q.80** 30 विद्यार्थी उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में खड़े हैं। अनीता दाएँ छोर से 16वें स्थान पर है, जबकि बलराम बाएँ छोर से 22वें स्थान पर है। अनीता और बलराम के बीच कितने विद्यार्थी खड़े हैं?

**Ans** A). 5 B). 6 C). 7 D). 8

**Correct Answer: B**

**Q.81** मई 2026 में असम के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री के रूप में हिमंत बिस्वा शर्मा ने किस विधानसभा सीट से जीत हासिल की?

**Ans** A). हाफलांग B). जलुकबारी C). दिसपुर D). सिलचर

**Correct Answer: B**

**Q.82** 2 फरवरी, 2026 के अपने निर्णय में, सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच नदी जल बंटवारे के विवाद का निपटारा करने के लिए एक अंतर-राज्यीय जल विवाद न्यायाधिकरण गठित करने का निर्देश दिया। इस विवाद के केंद्र में कौन-सी नदी है?

**Ans** A). गोदावरी नदी B). कृष्णा नदी C). पेन्नैयार नदी D). कावेरी नदी

**Correct Answer: C**

**Q.83** 26 जनवरी 2026 को, भारत ने गणतंत्र दिवस का कौन-सा संस्करण मनाया?

**Ans** A). 76वां गणतंत्र दिवस B). 78वां गणतंत्र दिवस C). 75वां गणतंत्र दिवस D). 77वां गणतंत्र दिवस

**Correct Answer: D**

**Q.84** भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe) द्वारा संचालित अंतरिक्ष वेंचर कैपिटल फंड के तहत, किस संस्थान को इन्वेस्टमेंट मैनेजर नियुक्त किया गया था, जो अंतरिक्ष स्टार्टअप के लिए भारत के पहले समर्पित वेंचर कैपिटल फ्रेमवर्क को चिह्नित करता है?

**Ans** A). NABARD कंसल्टेंसी सर्विसेज B). भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड C). नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड D). SIDBI वेंचर कैपिटल लिमिटेड

**Correct Answer: D**

**Q.85** ओलंपिक जिम्नास्टिक्स के इतिहास में सबसे पहला परफेक्ट 10 स्कोर करने के 50 वर्ष बाद, 2026 लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स में लॉरियस लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड किसने जीता?

**Ans** A). सिमोन बाइल्स (Simone Biles) B). नादिया कोमानेची (Nadia Comăneci) C). ओक्साना बैउल (Oksana Baiul) D). मैरी लू रेटन (Mary Lou Retton)

**Correct Answer: B**

**Q.86** In 2026, which organization released the second annual edition of the “Fiscal Health Index (FHI)” to assess states’ financial performance?

**Ans** A). Securities and Exchange Board of India B). Finance Commission of India C). Comptroller and Auditor General of India D). National Institution for Transforming India

**Correct Answer: D**

**Q.87** जनवरी 2026 में, किस संगठन द्वारा जम्मू और कश्मीर (J&K) के चटरगला दर्रे पर एक उच्च-ऊंचाई बचाव और सड़क बहाली अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया गया था?

**Ans** A). भारतीय सेना इंजीनियरिंग कोर B). राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल C). भारत-तिब्बत सीमा पुलिस D). सीमा सड़क संगठन

**Correct Answer: D**

**Q.88** निम्नलिखित में से किस प्रमुख गोल्फर को लंबे समय से प्रतीक्षित करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने और अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने के बाद 2026 में 'लॉरियस वर्ल्ड कमबैक ऑफ द ईयर' पुरस्कार (Laureus World Comeback of the Year Award) से सम्मानित किया गया था?

**Ans** A). स्कॉटी शेफ़लर (Scottie Scheffler) B). टाइगर वुड्स (Tiger Woods) C). जॉन रहम (Jon Rahm) D). रोरी मैक्लरॉय (Rory McIlroy)

**Correct Answer: D**

**Q.89** जनवरी 2026 में आयोजित 'UP हेल्थ टेक कॉन्क्लेव 1.0 (UP Health Tech Conclave 1.0)' का प्राथमिक लक्ष्य क्या था?

**Ans** A). सभी जिला अस्पतालों में AI के उपयोग को अनिवार्य करना B). एक मोबाइल टेलीमेडिसिन बस परियोजना बनाना C). एक राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू करना। D). नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक मेडटेक इकोसिस्टम का निर्माण करना

**Correct Answer: D**

**Q.90 इतिहास में पहली बार, UNESCO के 43वें महासम्मेलन का आयोजन पेरिस से बाहर किया गया। इस महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन की मेजबानी किस शहर ने की?**

Ans A). समरकंद, उज्बेकिस्तान (Samarkand, Uzbekistan) B). शंघाई, चीन (Shanghai, China) C). दुशान्बे, ताजिकिस्तान (Dushanbe, Tajikistan) D). नई दिल्ली, भारत (New Delhi, India)

**Correct Answer: A**

**Q.91 केंद्रीय बजट 2025-26 के अनुसार, न्यू रिजीम (new regime) के तहत, अधिकतम ₹_________ की आय तक कोई व्यक्तिगत आयकर देय नहीं है।**

Ans A). 12 लाख B). 10 लाख C). 11 लाख D). 9 लाख

**Correct Answer: A**

**Q.92 आयुष्मान भारत PM-JAY स्वास्थ्य बीमा योजना का 2026 परिचालन विस्तार किस लक्षित समूह के लिए सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवर सुनिश्चित करता है?**

Ans A). आय से पृथक 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिक B). ग्रामीण सरकारी संस्थानों में सभी पूर्णकालिक शिक्षक C). सभी रजिस्टर्ड गिग वर्कर और प्लेटफ़ॉर्म डिलीवरी पार्टनर D). भूमि रिकॉर्ड रखने वाले सभी छोटे पैमाने के कृषि श्रमिक

**Correct Answer: A**

**Q.93 केंद्रीय बजट 2026-27 में 'बायोफार्मा शक्ति' योजना पेश की गई। इस ₹10,000 करोड़ की पहल का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?**

Ans A). बुजुर्गों के लिए 1.5 लाख देखभाल कर्मियों को प्रशिक्षित करना B). प्रत्येक राज्य में नए AIIMS अस्पताल स्थापित करना C). सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराना D). भारत को बायोलॉजिक्स और बायोसिमिलर के लिए विनिर्माण केंद्र में रूपांतरित करना

**Correct Answer: D**

**Q.94 2026 में, भारत सरकार ने मुख्य रूप से खेल प्रतियोगिताओं में किसकी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रव्यापी "ASMITA लीग" पहल की घोषणा की?**

Ans A). मनोरंजक खेलों में वरिष्ठ नागरिक B). फिटनेस अभियानों में स्कूल प्रधानाचार्य C). जमीनी स्तर के खेलों में महिलाएं और लड़कियां D). खेल प्रबंधन में ग्रामीण प्रशिक्षक

**Correct Answer: C**

**Q.95 16वें वित्त आयोग ने 2026-31 के लिए केंद्रीय करों के विभाज्य पूल में से राज्यों के लिए कितने प्रतिशत हिस्सेदारी की अनुशंसा की है?**

Ans A). 51% B). 41% C). 54% D). 32%

**Correct Answer: B**

**Q.96 फरवरी 2026 में, राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (NGHM) की इलेक्ट्रोलाइजर विनिर्माण प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत कुल 3,000 MW की उत्पादन क्षमता के लिए कितनी कंपनियों का चयन किया गया था?**

Ans A). 10 कंपनियां B). 5 कंपनियां C). 15 कंपनियां D). 30 कंपनियां

**Correct Answer: C**

**Q.97 अक्टूबर 2025 में भारत द्वारा लागू किए गए किस प्रमुख व्यापार समझौते में 1 मिलियन जॉब सृजित करने के लिए 15 वर्षों में $100 बिलियन की बाध्यकारी निवेश प्रतिबद्धता शामिल है?**

Ans A). EFTA के साथ व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (TEPA) B). भारत-UK व्यापक आर्थिक व्यापार समझौता (CETA) C). भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (FTA) D). भारत-ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (CEPA)

**Correct Answer: A**

**Q.98 भारतीय मुक्केबाजी महासंघ द्वारा जनवरी 2026 में आयोजित 9वीं एलीट पुरुष एवं महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप निम्नलिखित में से किस स्थान पर आयोजित की गई थी?**

Ans A). ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश B). गुवाहाटी, असम C). पटियाला, पंजाब D). इंदौर, मध्य प्रदेश

**Correct Answer: A**

**Q.99 Which of the following organisations commemorated its 176th Foundation Day on 4 March 2026?**

Ans A). Geological Survey of India (GSI) B). Archaeological Survey of India (ASI) C). Zoological Survey of India (ZSI) D). Botanical Survey of India (BSI)

**Correct Answer: A**

**Q.100 2026 में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस किस तिथि को वैश्विक स्तर पर मनाया गया/जाएगा?**

Ans A). 15 अप्रैल B). 15 मार्च C). 15 अक्टूबर D). 24 दिसंबर

**Correct Answer: B**

"